हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 13 जून 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 किसानों को बीज और खाद लेने में दिक्कत नहीं हो






हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
13 जून 2026
कूपन नं.
2

(अंबिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अंबिकापुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561


# मानव तस्करी की शंका पर रेस्क्यू किए गए 19 बच्चे, इनमें 16 लड़कियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ झारखंड से ले जा रहे थे कर्नाटक, साथ में नहीं था कोई व्यक्ति

सरगुजा में मानव तस्करी का मामला सामने आया है। बीती रात महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने झारखंड से कर्नाटक की ओर भेजी जा 16 लड़कियों और 3 लड़कों को मानव तस्करी की शंका पर रेस्क्यू किया। बच्चियों को बहला फुसलाकर लेकर जाने वाला व्यक्ति बस में मौजूद नहीं था। प्रारंभिक जांच में 6 लडकियां नाबालिग पाई गई जिन्हें सीडब्ल्यूसी में पेश करने के बाद बालिका गृह में रखा गया है जबकि शेष के परिजन से सम्पर्क कर सुपुर्द करने की कार्रवाई चल रही है। बड़ी बात यह है कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि लड़कियों को किसी गिरोह के माध्यम से ले जाया जा रहा था या फिर वे स्वेच्छा से जा रही थी।



रेस्क्यू किए गए बच्चे।

बताया जा रहा है कि 11 जून को महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचना मिली थी कि झारखंड के गढ़वा से दुर्ग की ओर जाने वाली रॉयल बस में बड़ी संख्या में लड़कियों और लड़कों की मानव तस्करी की जा रही है। सूचना मिलने के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड हेल्पलाईन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। प्राप्त जानकारी के आधार पर रामानुजगंज बलरामपुर से अम्बिकापुर की ओर आ रही रॉयल बस को प्रतापपुर नाका के पास चिन्हित करने के बाद टीम के कुछ लोगों को बस में तैनात किया गया। इसके बाद जैसे ही बस प्रतीक्षा बस स्टैंड पहुंची पुलिस के साथ संयुक्त टीम बस में चढ़ गई और बच्चियों के साथ ही युवकों को बाहर निकाला। टीम ने बस से 16 लड़की और 3 लड़कों को बरामद किया। टीम द्वारा बालिकाओं को एमएसएसव्हीपी बालगृह बालिका एवं 3 बालकों को वसुन्धरा खुला आश्रय गृह बालक में संरक्षित कराया गया।

## सिर्फ 6 ही नाबालिग

अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि रेस्क्यू किए गए बच्चों में से सिर्फ 6 लड़कियां ही नाबालिग है जबकि शेष 10 लड़कियां और 3 लड़के बालिग है। सभी झारखंड के भंडरिया क्षेत्र के बताए जा रहे है। विभाग द्वारा बालिग युवक युवतियों को उनके परिजन से सम्पर्क कर सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि शेष छह नाबालिग बालिकाओं को सीडब्ल्यूसी में पेश किया गया जिसके बाद उन्हें फिलहाल बालिका सुधार गृह में रखा गया है। जांच में यह बात सामने आई कि सभी को कर्नाटक ले जाया जा रहा है लेकिन कर्नाटक में कहां जाना है इसकी उन्हें जानकारी नहीं थी। झारखंड में एक व्यक्ति ने उनका टिकट कटवाया था लेकिन वह व्यक्ति भी गायब था जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि झारखंड से बच्चों की तस्करी की जा रही थी लेकिन पूरी जांच के बिना ही अधिकारियों द्वारा ज्यादातर बच्चों को छोड़ दिया गया।

## चल रही है जांच

रॉयल बस में 16 लडकियां और 3 लकड़े सवार थे। इसमें से सिर्फ 6 नाबालिग है और शेष सभी बालिग है। नाबालिग बच्चियों की सीडब्ल्यूसी में काउंसलिंग की गई और उन्हें बालिका गृह में रखा गया है। बालिग बच्चों को उनके परिजन से सम्पर्क कर सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है। शेष जांच चल रही है।

-जेआर प्रधान
जिला कार्यक्रम अधिकारी

### तस्करी के लिए सरगुजा-सूरजपुर एवं बलरामपुर मार्ग का हो रहा उपयोग

# गांजा तस्करी का सुरक्षित मार्ग बना सरगुजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा अंतर्राज्जीय गांजा तस्करी का सुरक्षित मार्ग बन गया है। तस्कर सरगुजा के रास्ते ओड़िसा के मलकानगिरी से लगातार यूपी, एमपी, झारखण्ड एवं बिहार तक सुरक्षित तरीके से गांजा की तस्करी कर रहे हैं। गांजा तस्करी के लिए तस्कर लगातार नए-नए तरीकों को अपना रहे हैं।

**खास बात**

■ मध्यप्रदेश, यूपी, राजस्थान, झारखण्ड एवं बिहार तक फैला जाल

बसंतपुर पुलिस शुक्रवार को अंतर्राज्जीय धनवार बैरियर पर अब तक की सबसे बड़ी गांजा की खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। इसके पूर्व भी बसंतपुर पुलिस ने एक ट्रक से भारी मात्रा में तस्करों से गांजा जब्त किया था। इन दोनों बड़ी घटनाओं से स्पष्ट है कि तस्कर लम्बे समय से यूपी तक गांजा परिवहन करने के लिए अम्बिकापुर वाड्रफनगर मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। एक सप्ताह पूर्व विश्रामपुर पुलिस ने सिलफिली में एक लक्जरी बस से 4 करोड़ का 8 क्विंटल गांजा जब्त किया था। महिला तस्कर गांजा को झाड़ू के गट्ठरों में बांधकर लक्जरी बस को अनुपपुर तक ले जाने के लिए बुक किया था। इस दौरान मदनपुर कालीघाट के पास कुछ युवकों को संदेह हुआ तो उन्होंने 112 की टीम को सूचना दी। बसंतपुर पुलिस लगातार सरगना की तलाश में जुटी थी जिसके कारण पुलिस को गांजा की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस सरगना की तलाश में नहीं जुटी होती तो तस्कर सुरक्षित ट्रक लेकर यूपी स्थित अपने ठिकाने तक पहुंचने में सफल हो जाते। इसके पूर्व भी फल व सब्जियों के बीच गांजा तस्करी करने की घटनाएं सामने आ चुकी है। आठ दिन पूर्व सिलफिली में पकड़े गए तस्करों ने भी पूर्व में जनवरी 2016 में सिलफिली से दो पिकअप एक स्कार्पियों को गांजा तस्करी के लिए बुक किया था जिसे कटनी की बड़वारा पुलिस ने पकड़ा था। गांजा तस्करी की सबसे बड़ी खेप पकड़ने की कार्रवाई में बसंतपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र सोनी, प्रशिक्षण उप निरीक्षक मनीष साहू, सहायक उप निरीक्षक धन सिंह सांडिल्य, प्रधान आरक्षक हरिप्रसाद, आरक्षक आकाश तिवारी, सायबर सेल के आरक्षक भूपेन्द्र मरावी, जनार्दन सिंह, धर्मेन्द्र यादव, रामसाय, अजय टोप्पो शामिल थे।



## ओड़िसा से सोनपुर में लोड हुआ था गांजा

बसंतपुर पुलिस द्वारा लगातार अंतर्राज्यीय तस्कर ने पुलिस की पूछताछ में ओड़िसा के सोनपुर से गांजा की खेप लोडकर ट्रक से अंतर्राज्यीय धनवार बैरियर के रास्ते गांजा की खेप ले जाने की जानकारी दी है। पुलिस की जांच में यह भी खुलासा हुआ है मास्टरमाइंड लोकेश शर्मा लम्बे समय से गांजा की तस्करी में शामिल है तथा तस्करी के लिए वह स्वयं के ट्रकों का उपयोग कर रहा था। पुलिस द्वारा गांजा तस्करी के मामले में जब्त एवं शुक्रवार को जब्त दोनों ही ट्रक मास्टरमाइंड लोकेश शर्मा के नाम से पंजीकृत मिले है। विश्रामपुर पुलिस द्वारा 8 दिन पूर्व गिरफ्तार किए गए आरोपी भी झाड़ू के गट्ठर लेकर लक्जरी बस से गांजा लेकर सफर कर रहे थे।

## दर्जनों थाना-चौकी पार कर पहुंचे बार्डर पर

बसंतपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार अंतर्राज्जीय तस्कर ट्रक में ओड़िसा से 20 क्विंटल गांजा लोडकर ओड़िसा एवं छत्तीसगढ़ के दर्जनों थाना व पुलिस चौकियों को पार कर छत्तीसगढ़-यूपी के बार्डर धनवार चेकपोस्ट तक पहुंचे थे। इसे गांजा तस्करों की चालाकी एवं पुलिस को आसानी से चकमा देने में प्रवीण कहें या पुलिस की लापरवाही कि इस लम्बे सफर में कहीं भी पुलिस को गांजा तस्करों के गुजरने की हवा तक नहीं लग सकी। छत्तीसगढ़ में दाखिल होने के बाद तस्करों ने रायगढ़ जिले के विभिन्न थाना चौकियों का सफर किया। सरगुजा में दाखिल होने के बाद ट्रक सरगुजा में सूरजपुर के विभिन्न थाना-चौकी क्षेत्रों का सफर करते हुए धनवार तक पहुंचा। धनवार पुलिस ने काफी सतर्कता के साथ गांजा की इस बड़ी खेप को पकड़ने में सफलता पाई।

## गांजा तौलने में लगे 3 घंटे

बसंतपुर पुलिस द्वारा शुक्रवार को ट्रक से जब्त 20 क्विंटल गांजा को तौलने में 3 घंटे का समय लगा। ओड़िसा से मास्टरमाइंड के रवाना होने की लोकेशन मिलने के बाद से ही बसंतपुर पुलिस पूरी रात उसके पहुंचने का इंतजार कर रही थी। ट्रक से गांजा की खेप उतारने एवं पैकेट से पाउडर की बोरियों को निकालने के बाद पुलिस तीन घंटे तक इलेक्ट्रॉनिक तराजू से जब्त गांजा की तौल करती रही।

# जयनगर में तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

■ घटना में सतपता निवासी आर्किटेक्ट युवक गंभीर रूप से घायल, रायपुर किया गया रेफर

■ कार सवार दोनों युवक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हुए



ग्राम जयनगर में एनएच 43 पर शुक्रवार सुबह पंचायत भवन के समीप तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार एक युवा आर्किटेक्ट को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तीव्र गति से थी कि युवक बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा और कार उसे करीब 20 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर से रायपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सतपता निवासी 36 वर्षीय आर्किटेक्ट जीनशर शुक्रवार की सुबह निर्माणाधीन साइट का निरीक्षण करने के लिए अपनी बाइक से जा रहा था,इसी दौरान एनएच 43 पर पंचायत भवन के पास पीछे से आ रही कार क्रमांक सीजी 29 एई 0502 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी, तेज गति में अनियंत्रित कार को चालक संभाल नहीं सका और बाइक सवार युवक को लगभग 20 मीटर तक घसीटते हुए ले गया,घटना के बाद कार सड़क किनारे बनी नाली में जाकरफंस गई, बताया जा रहा है कि कार में सवार दोनों युवक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गए हैं,लोगों ने तत्काल घायल युवक को सड़क से उठाकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर पहुंचाया। हादसे में जीनशर को सिर, चेहरे, गर्दन और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए पहले अंबिकापुर भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रायपुर रेफर कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह जयनगर रेलवे फाटक खुलने के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हुई थी। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर जयनगर पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर विवेचना शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### दो साल में स्कूल भवन हो गया जर्जर डीईओ ने जारी किया नोटिस

**अंबिकापुर।** बतौली में दस लाख रूपए की लागत से निर्मित स्कूल भवन के जर्जर होने और लापरवाही की सूचना को जिला शिक्षा अधिकारी ने गंभीरता से लिया है। डीईओ ने मामले में जनपद सीईओ, पूर्व सरपंच और स्कूल के प्राचार्य को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतौली में मरम्मत कार्य के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति जारी की गई थी। इस राशि से वर्ष 2021-22 में मरम्मत का कार्य कराया गया था। उक्त राशि से भवन में छत का कार्य, दरवाजे खिड़की का कार्य, फर्स का कार्य एवं अन्य दीर्घ मरम्मत कार्य किए गए थे। निर्माण कार्य के बाद पूर्णता प्रमाण पत्र 13 सितम्बर 2023 को जारी किया गया था लेकिन बारिश शुरू होने के साथ ही लाखों रूपए के निर्माण कार्यों के गुणवत्ता की पोल खुल गई। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता है इसके साथ ही भवन में अन्य मरम्मत कार्य भी गुणवताहीन है। महज दो वर्ष आठ माह में ही भवन के जर्जर होने पर निर्माण में बड़े पैमाने पर गडबडी की बात सामने आई। इस संबंध में स्कूल के शिक्षकों के जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीईओ दिनेश झा ने बतौली जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनएल सिदार, ग्राम पंचायत सिल्मा के पूर्व सरपंच संजय कुमार और स्कूल की प्राचार्य श्रीमती प्रसन्ना केरकेट्टा को कारण बताओ नोटिस जैर किया है। डीईओ श्री झा ने बताया कि शिकायत के बाद सभी को नोटिस जारी कर दो दिनों में जवाब मांगा गया है। जवाब के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** मेहमानी कर घर आ रहे बाइक सवार को वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम केराकछार निवासी मानू राम राउत आ. भोटू (45 वर्ष) गत दिन मेहमानी करने बाइक से ग्राम सोनपुर कापू गया था। शाम को अकेले बाइक से वापस घर आने लगा तभी रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग \कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## मवेशी तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** पुलिस ने पशुओं के अवैध परिवहन और उनके साथ क्रूरता करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान कुल 12 मवेशियों को बरामद किया है, जिन्हें अमानवीय तरीके से परिवहन किया जा रहा था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है, जबकि मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक बीती रात गश्त के दौरान को सूचना मिला कि ग्राम गोपालपुर क्षेत्र से एक पिकअप में मवेशियों को भरकर उत्तर प्रदेश की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पुलिस पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संदिग्ध वाहन की घेराबंदी कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने पिकअप क्रमांक यूपी 65 क्यूटी 1375 को रोककर तलाशी ली। वाहन के भीतर मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर बांधा गया था। पूछताछ में वाहन चालक उत्तर प्रदेश के बबुरी अंतर्गत ग्राम डवरी कला निवासी अशोक गिरी आ. सुरेश गिरी (50 वर्ष) ने पूछताछ के दौरान पशुओं को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर ले जाने की बात बताई। मौके पर निरीक्षण के दौरान पुलिस को वाहन में छह मवेशी बंधे हुए मिले। वहीं आसपास के क्षेत्र की तलाशी लेने पर छह अन्य मवेशी भी बरामद किए गए। पुलिस ने कुल 12 मवेशियों को अपने संरक्षण में लिया और उन्हें सुरक्षित कराया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6 एवं 10, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम धारा 11(1)(डी) तथा धारा 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। साथ ही मामले से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश पांडे, अशोक तिर्की, आरक्षक रूपेश गुप्ता, ललन यादव, राजेश कुमार तथा सैनिक धर्मेंद्र यादव सक्रिय रहे।



## दुर्घटना में ग्रामीण की मौत पर फूटा आक्रोश, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**राजपुर।** धौरपुर रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौत के बाद शुक्रवार को क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने दुर्घटना के विरोध में सड़क पर बैठकर चक्का जाम कर दिया और दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई सहित सड़क सुरक्षा के स्थायी इंतजाम की मांग की। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे धौरपुर रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से भेस्की निवासी गंभीर साय (55 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया था जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए और गुरुवार रात से ही काफी संख्या में ग्रामीणों और मृतक के परिजन ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम शुरू कर दिया, जिससे मार्ग पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें समझाइश देकर आश्वासन के बाद शांत किया गया। मौके पर एसडीएम देवेंद्र प्रधान, नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार कंवर, एसडीओपी आशीष कुंजाम, राजपुर थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, बरियो चौकी प्रभारी किरणेश्वर प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने ग्रामीणों और मृतक के परिजन को आश्वस्त किया कि दुर्घटना में शामिल वाहन को जब्त कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी तथा परिजनों की उपस्थिति में शव का पंचनामा तैयार किया जाएगा। चर्चा के दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण आश्वासन भी दिए गए। प्रशासन ने दुर्घटनास्थल पर स्टॉपर लगाने तथा साप्ताहिक बाजार के दिन गुरुवार को भारी क्रेशर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने का भरोसा दिलाया। साथ ही मृतक के परिजन को तत्काल सहायता के रूप में 25 हजार रुपये की राशि भी प्रदान की गई। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया और यातायात फिर से सुचारू हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

बरियों के नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार कंवर ने बताया कि परिजनों और ग्रामीणों की मांगों पर चर्चा की गई है तथा जो मांगें प्रशासन स्तर पर पूरी की जा सकती हैं। उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया है।



# पीएसीएल चिटफंड घोटाले के 2 और आरोपी डायरेक्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

■ चिटफंड मामले में पूर्व में 6 आरोपी जा चुके है जेल

पुलिस ने चिटफंड घोटाले के मामले में दो और आरोपी डारेक्टर को गिरफ्तार किया है। पूर्व में भी पुलिस ने चिटफंड मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुके है।

पुलिस के मुताबिक पीएसीएल कंपनी के आरोपी डायरेक्टरों द्वारा पैसा दोगुना करने का प्रलोभन देकर रूपया जमा कराया गया जो मैच्यूरिटी अवधि पूर्ण होने पर भी पैसा वापस नहीं कर धोखाधड़ी किया गया। मामले की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने धारा 420, 120बी भादसं., 4,5,6 ईनामी चिटफंड धन परिचालन स्किम पाबंदी अधिनियम पीडीआई एक्ट अधिनियम 2005 की धारा 10 पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने चिटफण्ड के प्रकरणों में फरार आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने पुलिस टीम को लगाया था। कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि मामले से जुड़े पीएसीएल कंपनी के डायरेक्टर जिला जेल कवर्धा में है जिसके बाद पुलिस टीम ने विधिवत न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट के आधार पर कंपनी के डायरेक्टर आरोपी गुरजंट सिंह गिल उर्फ गुरजन सिंह आ. स्व. तेजा सिंह गिल (82 वर्ष) निवासी मकान नंबर 2117 फेस 7 एसएएस नगर थाना सेक्टर 71 मटौर मोहाली जिला मोहाली पंजाब एवं गुरूनाम सिंह आ. स्व. हरि सिंह (77 वर्ष) निवासी मकान नंबर 5 जसरा, थाना चम्कौर साहब जिला रूपनगर रोपड पंजाब को थाना सूरजपुर लाया। पूछताछ पर आरोपियों ने कंपनी के अन्य डायरेक्टर के साथ मिलकर निवेशकों के राशि को डबल करने का झांसा देकर धोखाधड़ी करते हुए सूरजपुर जिले के निवेशकों से करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी किए है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, एएसआई संजय सिंह व आरक्षक जयप्रकाश सिंह सक्रिय रहे।

## अब तक 8 आरोपी हुए गिरफ्तार

पुलिस ने इससे पहले कंपनी के 6 अन्य डायरेक्टरों - निर्मल सिंह भंगू, त्रिलोचन सिंह, सुखदेव सिंह और जोगेन्दर टाईगर, गुरमीत सिंह व सुब्रत भट्टाचार्य को गिरफ्तार कर चुकी है। इस तरह अब तक इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### समारोह स्थल का जायजा लेने कलेक्टर एवं एसएसपी पहुंचे शिवनन्दनपुर

# शपथ ग्रहण में सीएम के आगमन को लेकर तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में 17 जून को नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं 15 पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव सहित 5 से 6 कैबिनेट मंत्रियों के शामिल होने की संभावना है। मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के कई वरिष्ठ सदस्यों के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे शिवनंदनपुर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर बताया है। माना जा रहा है कि इस आयोजन के दौरान क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की घोषणाएं भी हो सकती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में कलेक्टर रेना जमील, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर, सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल, पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह, नगर पंचायत सीएमओ सुनील सिन्हा तथा बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर, नवनिर्वाचित अध्यक्ष रितेश जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, अजय गोयल, ललित गोयल, मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े सहित भाजपा एवं स्थानीय संगठन के कई पदाधिकारी शामिल रहे।अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने सभा स्थल, मंच व्यवस्था, पार्किंग, यातायात नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और आम नागरिकों के बैठने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री और कई मंत्रियों के आगमन को देखते हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय नागरिकों में भी पहली बार इतने बड़े राजनीतिक आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### टोल फ्री हेल्प लाइन का शुभारंभ

**अनूपपुर।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग ने एक बड़ा कदम उठाया है। आयोग द्वारा प्रदेश की महिलाओं के लिए एक विशेष टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-233-6112 का शुभारंभ किया गया है।

### पीएम इंटर्नशिप योजना से मिलेगा रोजगार

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार द्वारा युवाओं को उद्योगों से जोड़कर उन्हें व्यावहारिक कार्य अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र युवाओं को प्रतिष्ठित संस्थानों एवं उद्योगों में इंटर्नशिप का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे रोजगारोन्मुखी कौशल विकसित कर सकें और भविष्य में बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकें। योजना के तहत चयनित युवाओं को 9,000 प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, इसकेअतिरिक्त 6,000 की एकमुश्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। युवाओं को उनकी रुचि एवं उपलब्ध अवसरों के अनुसार 6 अथवा 9 माह की अवधि की इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा।

### आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई

**अनूपपुर।** प्रदेश में शासकीय कार्यप्रणाली में नवाचार, सुशासन और जनसेवा के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार नवाचार के लिए वर्ष के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने जानकारी दी है कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा उनके अधीन कार्यरत निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके नवाचार आधारित कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार 1 अप्रैल से 31 मार्च की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार की संख्या 15 होगी। पुरस्कार के लिए 1 लाख रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

### गाज और सर्पदंश से बचाव के लिए परामर्श

**अनूपपुर।** मप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग द्वारा आकाशीय बिजली एवं सर्पदंश जैसी मौसमी एवं प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनहानि एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने नागरिकों को परामर्श दिया गया है। सचिव (गृह) एवं समन्वयक मप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया है कि मानसून अवधि में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं कई बार गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। नागरिकों को सलाह दी गई है कि मौसम में अचानक परिवर्तन, तेज गर्जना एवं बिजली की चमक को खतरे के संकेत के रूप में गंभीरता से लें। ऐसे समय में खुले स्थानों, खेतों, जलाशयों, विद्युत खंभों तथा बड़े पौधों के नीचे रूकने से बचें तथा सुरक्षित भवनों में शरण लें।

### बैकुंठपुर में रक्तदान शिविर कल

**बैकुण्ठपुर।** खून की हर बूंद किसी न किसी के लिए सांस के समान है और देना ही जीना है के प्रेरक संदेश के साथ भारतीय रेडक्रास सोसायटी, जिला कोरिया, जिला संगठक, भारतीय रेडक्रास सोसायटी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एसईसीएल डिस्पेंसरी, ऑफिसर्स सेक्टर कॉलोनी बैकुंठपुर में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। शिविर में जिले के नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की गई है। भारतीय रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी गंभीर मरीज, दुर्घटना पीड़ित, प्रसूता महिला अथवा अन्य जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है।

### जिला पंचायत में सामान्य सभा, कृषि, आंगनबाड़ी सहित अन्य संबंधित विषयों पर हुई चर्चा

# किसानों को बीज और खाद लेने में दिक्कत नहीं हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला पंचायत के मंथन सभा कक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई। जिला पंचायत के अध्यक्ष मोहित राम पैकरा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी खरीफ फसल में खाद बीज की उपलब्धता, आंगनबाड़ी में रिक्त पदों पर भर्ती सहित अन्य संबंधित विषयों पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे। कोरिया जिले में सभी किसानों को सहकारी समिति से उनकी मांग के अनुसार ही धान बीज और खाद उपलब्ध कराई जाए। उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पैकरा ने कहा कि धान यहां किसानों के लिए खरीफ की मुख्य फसल है, इसलिए ऐसी व्यवस्था बनाए रखें कि सभी समितियों में धान बीज और खाद लेने में किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में जिन आवेदकों ने अपनी मांग या समस्या के लिए आवेदन पत्र दिए हैं, उन्हें कार्रवाई से अवगत जरूर कराया जाए। आंगनबाड़ी में रिक्त पदों पर लंबे समय से भर्ती



सामान्य सभा में उपस्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सीईओ और उपस्थित सदस्य।

प्रक्रिया लंबित होने के कारण आंगनबाड़ी संचालन में आ रही दिक्कतों पर बैठक में सदस्यों ने बात रखी, भर्ती प्रक्रिया में विलंब पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए सर्वसहमति से प्रस्ताव पारित कर शासन को पत्र भेजे जाने का निर्णय लिया गया। कृषि संबंधी समस्त विषयों पर प्रमुखता से चर्चा के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी बारिश के मौसम को ध्यान में रखकर स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता कराए जाने, दूरस्थ क्षेत्रों में सौर ऊर्जा उपकरणों को जल्द सही करने, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाओं के सतत निरीक्षण, किसानों को उनके यंत्रों में मांग अनुसार डीजल उपलब्धता बनाए रखने, ग्राम पंचायत बैमा में विद्यालय में विद्युत आपूर्ति सुचारू करने सहित अन्य कई विषयों पर जनप्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी। साथ ही सभी ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आम नागरिकों के द्वारा की गई मांग और समस्याओं को भी बैठक में रखा गया। जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने विभाग प्रमुखों को संबंधित विषयों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी सदस्यों को सूचित कराने के निर्देश दिए। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, श्रीमती संगीता सोनवानी, राजेश साहू, श्रीमती गीता राजवाड़े, सुरेश कुमार सिंह, श्रीमती शिव कुमारी, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती स्नेह लता उदय, जनपद सोनहत की अध्यक्ष श्रीमती आशा सोनपाकर और विधायक प्रतिनिधि राम प्रताप मरावी, उप संचालक पंचायत आशीष सिंह सहित विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।

# पखवाड़ेभर में 4,930 मरीजों ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आधुनिक तकनीक और अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित इस लैब के माध्यम से अब लोगों को महंगी पैथोलॉजी जांचों के लिए निजी लैबों का रूख नहीं करना पड़ रहा है।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बीते 30 मई को इस लैब का शुभारंभ किया था। यह संभाग की पहली अटल आरोग्य लैब है, जहां मरीजों को लगभग 134 प्रकार की विभिन्न जांचें पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशेष रूप से आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए यह सुविधा किसी वरदान से कम नहीं है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को अब जांच के लिए अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ रहा है, जिससे उनके समय और धन दोनों की बचत हो रही है। साथ ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो रही



जिला अस्पताल में संचालित लैब।

हैं। जिला अस्पताल में संचालित इस आधुनिक लैब में प्रतिदिन 120 से 140 मरीजों के रक्त नमूनों की जांच की जा रही है। अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से जांच रिपोर्ट कम समय में और अधिक सटीकता के साथ उपलब्ध कराई जा रही है। लैब के शुभारंभ के बाद से पखवाड़ेभर के अंदर अब तक 4,930 मरीजों की विभिन्न जांचें की जा चुकी हैं।

# गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का बनेगा हिस्सा कोरिया

**बैकुण्ठपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के तहत इस वर्ष स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए योग थीम के साथ देशभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार 14 जून को प्रातः 6:15 से 7:35 बजे तक ऑनलाइन योग सत्र के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अभियान में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए छग शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने सभी विभागों, कार्यालयों एवं संस्थाओं को व्यापक प्रचार-प्रसार एवं पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने भी जिले के नागरिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की है। पंजीयन के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को टोल

■ **कल ऑनलाइन योग सत्र**

फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देना होगा। मिस्ड कॉल के बाद व्हाट्सएप पर प्राप्त लिंक के माध्यम से पंजीयन कर ऑनलाइन योग सत्र में शामिल हुआ जा सकेगा। प्रशासन का लक्ष्य जिले के अधिकतम मोबाइल नंबरों से पंजीयन कराकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रयास में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा योग संगम पोर्टल-2026 प्रारंभ किया गया है, जिसमें विभिन्न विभाग, शैक्षणिक संस्थान, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक उपक्रम एवं सामाजिक संगठन अपने कार्यक्रमों का पंजीयन कर सकेंगे तथा आयोजन उपरांत विवरण एवं छायाचित्र अपलोड करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्वस्थ जीवनशैली और योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के इस राष्टीय अभियान से जुड़ें तथा 14 जून को आयोजित ऑनलाइन योग सत्र में भाग लेकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के प्रयास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### 18 को लगेगा विशेष स्वनिधि कैंप

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 से 30 जून तक देशभर में पीएम स्वनिधि विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में छग शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पथ विक्रेताओं, शहरी गरीबों एवं असंगठित श्रमिकों को वित्तीय एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से स्वनिधि महोत्सव, लोक कल्याण मेला एवं स्वनिधि कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरूण कुमार एक्का ने जानकारी दी है ।

# झगराखाण्ड का साप्ताहिक स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत झगराखाण्ड द्वारा साप्ताहिक स्वच्छता अभियान संचालित किए जाने का संकल्प लिया गया था। इसी क्रम में 12 जून को नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीमा यादव के नेतृत्व में साप्ताहिक स्वच्छता अभियान चलाया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र पात्रे एवं नगरीय निकाय के समस्त कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 13 स्थित तालाब में सफाई अभियान के द्वितीय चरण का कार्य किया गया। अभियान के अंतर्गत तालाब में जमा गाद, प्लास्टिक, कचरा



स्वच्छता अभियान में शामिल लोग।

एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर जल स्त्रोत को स्वच्छ एवं संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। अभियान में जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्रमदान किया तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थितजन ने तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों को प्रदूषणमुक्त रखने तथा उनमें कचरा न डालने का संकल्प भी लिया। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छ जल स्त्रोत न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं।

# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने नए डीईओ का किया स्वागत



**बैकुण्ठपुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कोरिया के पदाधिकारियों और सदस्यों ने नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता का स्वागत किया।

इस अवसर पर फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, जिला संयोजक आरएस चांदे और महासचिव विश्वास भगत ने कहा कि जिले की शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। अनुभवी शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता को एक बार फिर कोरिया जिले के जिला शिक्षा अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी नवीन पदस्थापना आदेश के बाद जिले के शिक्षा जगत में सकारात्मक चर्चा का माहौल निर्मित हुआ है। स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा जिला शिक्षा अधिकारियों के पदस्थापना आदेश जारी किए। इसी क्रम में जितेन्द्र गुप्ता को कोरिया जिले की शिक्षा व्यवस्था की कमान सौंपी गई है। श्री गुप्ता इससे पूर्व भी जिले में जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। स्वागत समारोह में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, जिला संयोजक आरएस चांदे, महासचिव विश्वास भगत, संरक्षक शंकर सुमन मिश्रा, सह सचिव अमृतांशु मिश्रा, सह सचिव दीपक तिर्की, प्रवक्ता सुरेश एक्का, प्रवक्ता राघवेन्द्र तिवारी सहित संगठन के सदस्य और कर्मचारी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गांव की महिलाओं के लिए कांति बनीं प्रेरणा

**बैकुंठपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित बिहान योजना का लखपति दीदी अभियान कोरिया जिले की महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता की कहानी लिख रहा है।

■ **दोना-पत्तल से शुरू हुआ सफर**

बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम तलवापारा की रहने वाली श्रीमती कांति साहू इसका जीवंत उदाहरण हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने दृढ़ आत्मविश्वास, मेहनत और बिहान योजना के सहयोग से आर्थिक सफलता की नई पहचान बनाई है। एक सामान्य कृषक परिवार से जुड़ी कांति साहू हमेशा अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर आत्मनिर्भर बनना चाहती थीं। आर्थिक संसाधनों और अवसरों के अभाव में उनका सपना अधूरा था। लगभग तीन वर्ष पूर्व वे गांव की महिलाओं के साथ शारदा महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं, जहां उन्होंने बचत, लेन-देन और समूह आधारित आर्थिक



गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। समूह से जुड़ने के बाद कांति साहू को बैंक लिंकेज, एसवीईपी योजना और मुद्रा ऋण के माध्यम से लगभग 4 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इस सहयोग ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। उन्होंने एक ही व्यवसाय पर निर्भर रहने के बजाय विभिन्न आजीविका गतिविधियों की शुरूआत की। कांति दीदी ने दोना-पत्तल निर्माण इकाई, धान कृषि बीज केन्द्र, मैचिंग सेंटर और सिलाई केन्द्र का संचालन शुरू किया। प्रारंभिक चुनौतियों के बावजूद उनकी लगन, मेहनत और परिवार के सहयोग ने इन प्रयासों को सफल व्यवसाय में बदल दिया। कांति साहू बताती हैं कि उनके पति महेन्द्र साहू हर कदम पर उनके साथ खड़े रहे। पति-पत्नी की मेहनत और समर्पण का परिणाम है कि आज उनके सभी व्यवसाय सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। वर्तमान में इन व्यवसायों से उन्हें प्रतिमाह एक से डेढ़ लाख रूपए तक का कारोबार प्राप्त होता है, जबकि 30-35 हजार रूपए तक शुद्ध मासिक लाभ अर्जित हो रहा है। इस प्रकार उनकी वार्षिक शुद्ध आय तीन लाख रूपए से अधिक हो गई है, जिससे वे लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो चुकी हैं। आर्थिक रूप से सशक्त बनने के साथ कांति साहू का आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

# गांव-गांव पहुंचेंगे कृषि विशेषज्ञ

**बैकुण्ठपुर।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 से 30 जून तक देशव्यापी खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती, उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना है।

इसी क्रम में कोरिया जिले के विभिन्न विकासखंडों और ग्राम पंचायतों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन तथा उप संचालक कृषि, कोरिया के मार्गदर्शन में जिले के कृषि अधिकारियों एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा किसानों के बीच संवाद, प्रशिक्षण, खेत प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों तथा प्राकृतिक खेती के लाभों की जानकारी दी जा रही है। अभियान के दौरान किसानों को बताया जा रहा है कि प्राकृतिक खेती न केवल उत्पादन लागत को कम करती है, बल्कि मृदा की उर्वरता, जैव विविधता और जल संरक्षण को भी बढ़ावा देती है।




### स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल को मिली सौगात

# 425 कार्यों की समीक्षा के बीच नए कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में छग शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, चिरमिरी महापौर रामनरेश राय, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव सहित जनप्रतिनिधियों एवं जिला अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिले के विकास को नई गति देने के लिए कुल 2797.17 लाख रूपए की लागत के विभिन्न जनकल्याणकारी एवं आधारभूत संरचना विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक डीएमएफ मद से जिले को कुल 8189.71 लाख रूपए प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 6950.42 लाख रूपए का व्यय कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, सामुदायिक भवन सहित



डीएमएफ की बैठक लेते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

विभिन्न विकास कार्यों को धरातल पर उतारा गया है। वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कुल 425 विकास कार्य स्वीकृत हुए, जिनमें 189 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 236 कार्य प्रगतिरत हैं। नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे ने विभागवार प्रस्तावों की जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग के लिए 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में जिला टीकाकरण स्टोर स्थापना के लिए आवश्यक उपकरण, मुक्तांजलि वाहन, टीएमटी मशीन, होल्टर मशीन, 24 घंटे एबीपीएम मशीन, मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों के विशेष वेतन तथा विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं तकनीकी मानव संसाधनों की सेवाओं के विस्तार को स्वीकृति दी गई।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बरदर बाजार एवं एकलव्य विद्यालय क्षेत्र में फिलिंग कार्य कराने, एकलव्य विद्यालय में रिटर्निंग वॉल निर्माण कराने, जिले के समस्त जलाशयों का निरीक्षण एवं जांच कराने तथा नई लेदरी को दो अतिरिक्त पानी टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने निर्देश दिए कि जिले में स्थापित सभी बोरवेल एवं नलकूपों के समीप वाटर रिचार्ज संरचनाएं विकसित की जाएं। उन्होंने स्कूलों की बाउंड्रीवाल के किनारे व्यापक पौधरोपण तथा सुरक्षा की दृष्टि से कांटेदार लेमन ट्री लगाने के निर्देश भी दिए। बैठक में दुर्गेश पाण्डेय स्टोन क्रेशर नागपुर, कमलेश गुप्ता स्टोन क्रेशर जनकपुर, सुरेश श्रीवास्तव स्टोन क्रेशर पिपरिया, रामलाल सिंह सरपंच ग्राम पंचायत उधनापुर, संत कुमार सरपंच ग्राम पंचायत मझौली, नरेन्द्र सिंह सरपंच ग्राम पंचायत रतनपुर, श्रीमती पार्वती सिंह सरपंच ग्राम पंचायत बरदर, सुनीता सिंह सरपंच ग्राम पंचायत कोड़ा, श्रीमती असमेद सोनवानी जनपद पंचायत सदस्य, रमा शंकर सिंह, प्रेमनारायण सिंह सरपंच ग्राम पंचायत कटकोना, श्रीमती मालती सिंह सरपंच ग्राम पंचायत मुख्तियारपारा, श्रीमती सावित्री सिंह सरपंच ग्राम पंचायत शेरी, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे, अनिल कुमार सिदार, एसडीएम लिंगराज सिदार, खनिज अधिकारी, उप संचालक पंचायत, छग राज्य वितरण कंपनी लिमिटेड मनेन्द्रगढ़ के अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गांव की पहली युवती बनीं पुलिस आरक्षक

**अनूपपुर।** जिले के जैतहरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लहरपुर (मुर्रा टोला) की होनहार बेटी राजकुमारी पनिका ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक (कांस्टेबल) पद पर चयनित होकर नया इतिहास रच दिया है। वह अपने परिवार की बड़ी बेटी होने के साथ-साथ अपने गांव की पहली ऐसी युवती हैं, जिनका चयन पुलिस सेवा में हुआ है। उनकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।



राजकुमारी के चयन की सूचना मिलते ही परिजन, मित्रों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उनके निवास पर पहुंचकर बधाइयां दीं और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं कीं। नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों और शिक्षाविदों ने राजकुमारी की इस सफलता को क्षेत्र की बेटियों के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणादायक बताया है। छात्र जीवन से ही अनुशासित और प्रतिभावान रहीं राजकुमारी पनिका ने अपनी प्रारंभिक एवं विद्यालयीन शिक्षा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी से प्राप्त की है। इसके बाद उन्होंने अपनी स्नातक की पढ़ाई शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर से पूरी की। उनके चयन पर विद्यालय व महाविद्यालय परिवार के शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के लिए गौरव का क्षण बताया है। एक छोटे ग्रामीण क्षेत्र और सीमित संसाधनों के बीच मिली इस सफलता के पीछे राजकुमारी के माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी माता मुन्नी बाई पनिका और पिता जवाहर लाल पनिका ने तंगहाली के बावजूद अपनी बेटी को हमेशा उच्च शिक्षा, आत्मनिर्भरता और बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया।

# किसान धनीराम 15 एकड़ में कर रहे खेती

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरिया जिले के ग्राम पंचायत जामपारा के किसान धनीराम अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। धनीराम लगभग 15 एकड़ कृषि भूमि में खेती कर रहे हैं। उन्होंने इस वर्ष धान फसल के लिए आवश्यकता अनुसार उर्वरकों का संतुलित उपयोग करते हुए 15 बोरी यूरिया, 9 बोरी डीएपी, 1 बोरी पोटाश, 1 बोतल एक्को तथा 1 यूनिट नैनो डीएपी प्राप्त किया है। उनका कहना है कि कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर दिए जा रहे तकनीकी मार्गदर्शन से उन्हें उर्वरकों के संतुलित उपयोग और लागत कम करने में मदद मिल रही है। किसान धनीराम का मानना है कि खेती में केवल रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर रहने के बजाय वैकल्पिक पोषक तत्वों और नई तकनीकों का उपयोग करना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



### लाल विजय को मिला जीनियस अचीवर्स अवार्ड

**अम्बिकापुर।** जीनियस फाउंडेशन एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ इंडिया द्वारा अहमदाबाद स्थित सिल्वर क्लाउड होटल में आयोजित समारोह में ब्रेन एकेडमी के संचालक लाल विजय श्रीवास्तव को 10वें जीनियस अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह अवार्ड 42 डिग्री के तापमान में नंगे आंखों से बिना पलक झपकाए 12 मिनट 14 सेकंड तक लगातार सूर्य को देखने के लिए प्रदान किया गया है। अपने इस अनोखे कारनामें के लिए लाल विजय श्रीवास्तव ने पूर्व में भी अनेक अवार्ड जीते है। उन्होंने बताया कि यह करामात उन्होंने भारतीय ऋषि परंपरा की त्राटक साधना के बल पर करने में सफलता पाई है। त्राटक साधना एवं ध्यान से मानव मस्तिष्क को असीमित शक्तियां मिलती है। अमेरिका बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने उनके इस करामात को विश्व रिकार्ड बताया है तथा यूएसए हेराल्ड मैगजीन ने अपने मुख्य पृष्ठ पर उनकी तस्वीर प्रकाशित की है।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु हुई बैठक



**सूरजपुर।** कलेक्टर श्रीमती रैना जमील के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विजेंद्र सिंह पाटले की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना अंतर्गत सोलर इंस्टॉलेशन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत पंजीयन एवं इंस्टॉलेशन प्रक्रिया में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायतों को तथा शहरी क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान बैंक ऋण स्वीकृति में आ रही समस्याओं की समीक्षा करते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को ऋण वितरण संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए, जिससे हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। साथ ही कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल को निर्देशित किया गया कि योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप पंजीयन एवं सोलर इंस्टॉलेशन कार्य में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। तकनीकी अमले को सक्रिय रूप से कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 31 मार्च तक पंजीयन एवं इंस्टॉलेशन कार्य पूर्ण करने के लिए कहा गया। बैठक में बैंक कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, लीड बैंक प्रबंधक तथा सोलर के वेंडर उपस्थित रहे।

## वार्ड वासियों ने जताई नाराजगी

# शिवनंदनपुर में निर्धारित मानक व एस्टीमेट के अनुरूप नहीं हो रहा नाली का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में इन दिनों घटिया स्तर की हो रही नाली निर्माण कार्य को स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर की है,जिस निर्माण कार्य को नगर के विकास और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कराया जा रहा है, उसी कार्य की गुणवत्ता पर अब गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**खास बात**

- 6 एमएम का पतला सरिया का लिया जा रहा उपयोग, बरसात के मौसम में ही क्षतिग्रस्त होने की बनी आशंका

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि नालियों और उनके ऊपर बनाए गए आरसीसी स्लैबों के निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में न तो निर्धारित मात्रा में सीमेंट का उपयोग किया गया और न ही तकनीकी मानकों के अनुरूप सरिया डाली गई है। मामला अब केवल एक निर्माण कार्य तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि नगर में विकास कार्यों की पारदर्शिता और गुणवत्ता पर भी बहस छिड़ गई है। नागरिकों ने इस पूरे मामले की तकनीकी जांच कराने, ठेकेदार का भुगतान रोकने और दोषी पाए जाने पर उसे ब्लैकलिस्ट करने की मांग उठाई है।लोगों का आरोप है कि नालियों के ऊपर बनाए गए आरसीसी स्लैब इतने कमजोर हैं कि उन पर छोटे वाहन या मोटरसाइकिल चढ़ते ही उनमें दरारें पड़ने लगी हैं और कई जगह स्लैब टूट भी गए हैं। इससे लोगों में यह आशंका गहराने लगी है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की गई है। नगरवासियों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुसार हुआ होता तो स्लैब इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त नहीं होते। लोगों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी ने लागत कम करने के लिए सामग्री की गुणवत्ता से समझौता किया है, जिसका खामियाजा भविष्य में आम जनता को भुगतना पड़ सकता है। नागरिकों ने मांग की है कि नाली निर्माण कार्य का पूरा इस्टीमेट सार्वजनिक किया जाए और संबंधित उपयंत्री तथा ठेकेदार से जवाब लिया जाए कि नालियों और स्लैबों में निर्धारित मात्रा में सरिया और सीमेंट का उपयोग वास्तव में किया गया है या नहीं। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य के दौरान निर्धारित मात्रा में सरिया नहीं डाली गई है तो यह केवल तकनीकी लापरवाही नहीं बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला भी हो सकता है। इसलिए निर्माण कार्य का भौतिक सत्यापन कराकर सामग्री की गुणवत्ता और उपयोग की गई मात्रा की जांच कराई जानी चाहिए। लोगों का कहना है कि विकास कार्यों के लिए खर्च होने वाला पैसा जनता का है। ऐसे में यदि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है तो इसकी जवाबदेही तय होना आवश्यक है। नागरिकों ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों की नियमित निगरानी होनी चाहिए ताकि सरकारी राशि का सही उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। यदि अभी जांच नहीं हुई तो भविष्य में ऐसे मामलों को बढ़ावा मिलेगा और विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित होकर रह जाएंगे।



गुणवत्ताहीन नाली निर्माण।



क्षतिग्रस्त नाली का स्लैब।

### वार्ड 10-11 में अधूरी नाली बनी नई मुसीबत

शिवनंदनपुर नपं क्षेत्र में केवल गुणवत्ता ही नहीं, बल्कि अधूरे निर्माण कार्य भी लोगों की परेशानी का कारण बन रहे हैं। वार्ड क्रमांक 10-11 में शीतीकांत स्वाई के घर के सामने से शुरू हुई नाली मित्रा टेंट हाउस के कुछ आगे जाकर समाप्त हो गई है। इसके बाद पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि जब नाली का अंतिम छोर ही निर्धारित नहीं किया गया तो बारिश के दौरान पानी आखिर कहां जाएगा। लोगों का आरोप है कि बिना समुचित योजना के निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे समस्या का समाधान होने के बजाय नई समस्याएं पैदा हो रही हैं।

#### बरसात से पहले बढ़ी चिंता

मानसून की दस्तक के बीच यह मामला और अधिक गंभीर हो गया है। नागरिकों को आशंका है कि यदि अधूरी और कमजोर नालियां इसी स्थिति में रहीं तो बरसात के दौरान जलभराव, सड़क क्षति और दुर्घटनाओं की स्थिति बन सकती है। कमजोर स्लैब किसी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। यदि किसी वाहन या राहगीर के नीचे स्लैब धंस जाए तो जान-माल का नुकसान भी हो सकता है। इसलिए समय रहते गुणवत्ता की जांच और आवश्यक सुधार बेहद जरूरी है।

### पार्षदों और जनप्रतिनिधियों से हस्तक्षेप की मांग

नगरवासियों ने संबंधित वार्ड पार्षदों, नगर पंचायत अध्यक्ष तथा प्रशासनिक अधिकारियों से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल निर्माण कार्य स्वीकृत कराना नहीं बल्कि उसकी गुणवत्ता की निगरानी करना भी है। नागरिकों ने मांग की है कि जहां-जहां निर्माण कार्य में गड़बड़ी की आशंका है, वहां स्वतंत्र तकनीकी टीम भेजकर जांच कराई जाए। यदि निर्माण कार्य अमानक पाया जाता है तो संबंधित हिस्से को तोड़कर दोबारा बनाया जाए और दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

#### कराई जाएगी जांच

वार्ड क्रमांक 5 और 1 के लोगों से नाली निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली है। इसमें मानक के अनुरूप कार्य नहीं होने की बात कही जा रही है। मौके पर जाकर कार्यपालन अभियंता से नाली निर्माण कार्य की जांच कराई जाएगी। गलती पाए जाने पर तुड़वाकर नए सिरे से पुनः बनवाया जाएगा।

-सुनील सिन्हा
सीएमओ, नपं शिवनन्दनपुर



### जयनगर में प्राकृतिक खेती अपनाने मिशन अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कृषि को रसायन मुक्त बनाकर मिट्टी की सेहत सुधारने और किसानों की लागत कम करने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन खेत बचाओ अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत जयनगर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्राकृतिक खेती के लाभों को समझते हुए इसे अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जयनगर, कुंजनगर, हर्राटिकरा, सतपता एवं शिवनंदनपुर से बड़ी संख्या में किसान भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों ने खेती की बदलती चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जयनगर समिति अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती केवल एक विकल्प नहीं बल्कि कृषि और पर्यावरण दोनों को बचाने का सशक्त माध्यम बनती जा रही है। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। कृषि विभाग के अधिकारियों विनोद कुमार भगत एवं नील कमल मिश्रा ने किसानों को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की विभिन्न योजनाओं, उद्देश्यों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ती है, बल्कि फसल उत्पादन की गुणवत्ता में भी सुधार होता है।

साथ ही किसानों की उत्पादन लागत घटने से उनकी आय में वृद्धि की संभावना भी बढ़ती है। अधिकारियों ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक संसाधनों के संरक्षण, जीवामृत एवं घनजीवामृत जैसे प्राकृतिक कृषि उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि लगातार रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है। ऐसे में प्राकृतिक खेती भविष्य की टिकाऊ कृषि व्यवस्था का आधार बन सकती है। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कई जिज्ञासाएं भी रखीं, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। किसानों ने मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और सुरक्षित खाद्यान्न उत्पादन के महत्व को समझते हुए प्राकृतिक खेती को अपने खेतों में अपनाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित किसानों ने खेत बचाओ अभियान को सफल बनाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए उपजाऊ भूमि और स्वच्छ पर्यावरण सुरक्षित रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



**शंकरगढ़।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जपं शंकरगढ़ के सभाकक्ष में विकासखंड के समस्त प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों एवं ग्राम प्रभारी शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी हीरालाल पटवा एवं बीपीओ सीमा सिंहदेव ने सितंबर में आयोजित होने वाली महापरीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

बैठक में असाक्षर व्यक्तियों की पहचान एवं सर्वेक्षण के लिए सर्वे दलों के गठन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष असाक्षरों का सर्वे कर प्रत्येक 10 असाक्षरों पर एक उल्लास केंद्र निर्धारित किया जाएगा। इन केंद्रों में स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता तथा संख्या ज्ञान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक संकुल प्राचार्य को एक व्याख्याता की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बताया कि केंद्रों में शिक्षण कार्य करने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों को कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 10 अतिरिक्त बोनस अंक प्रदान किए जाएंगे। अधिकारियों ने इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचों एवं सरपंचों का सहयोग लेने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सितंबर माह में महापरीक्षा के सफल आयोजन के बाद विकासखंड शंकरगढ़ तथा राज्य को पूर्ण साक्षर घोषित किए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी। बीपीओ सीमा सिंहदेव ने सभी ग्राम प्रभारियों एवं शिक्षकों को समय-सीमा में असाक्षरों का सर्वे पूर्ण करने तथा उन्हें बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बीआरसी मिखाईल खलखो, मनीजर राम सहित सभी संकुल प्राचार्य, सीएसी एवं ग्राम प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहे।

### ग्रामीण को नहीं पता कब और कैसे बिक गई उसकी जमीन, कलेक्टर जनदर्शन में लगाई न्याय की गुहार

**सोनगरा।** तहसील के ग्राम पंचायत मदननगर में प्रस्तावित कोयला खदान परियोजना के बीच जमीन संबंधी फर्जीवाड़े का एक गंभीर मामला सामने आया है। एक ग्रामीण ने आरोप लगाया है कि उसकी जमीन बिना उसकी जानकारी, सहमति और हस्ताक्षर के किसी दूसरे व्यक्ति के नाम दर्ज कर दी गई। मामले की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में की गई है और जमीन वापस दिलाने की मांग की है।

- कोयला खदान खुलने से पहले जमीन घोटाले का बड़ा खुलासा

ग्राम मदननगर निवासी समयलाल आ.बहाल ने बताया कि खसरा नंबर 75/5 रकबा 0.25 हेक्टेयर जमीन पहले उनके पिता बहाल राम के नाम दर्ज थी, लेकिन अब राजस्व अभिलेखों में यह जमीन किसी हेमंत कुमार के नाम दिखाई दे रही है। हैरानी की बात यह है कि उन्होंने न तो कभी यह जमीन बेची, न किसी प्रकार का भुगतान प्राप्त किया और न ही किसी रजिस्ट्री कार्यालय में जाकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। समयलाल के अनुसार उन्हें इस पूरे मामले की जानकारी तब मिली जब बारिश के दौरान पत्थर गिरने से उनकी फसल को नुकसान हुआ और मौके पर पहुंचे पटवारी ने बताया कि संबंधित भूमि उनके नाम पर दर्ज नहीं है। इसके बाद उन्होंने जमीन से जुड़े सभी दस्तावेज पटवारी को उपलब्ध कराए, लेकिन पिछले पांच वर्षों से उन्हें केवल आश्वासन ही मिलता रहा और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण का दावा है कि जिस समय कथित रूप से जमीन की रजिस्ट्री हुई, उस दौरान बनने वाली चौहद्दी में विक्रेता की फोटो और हस्ताक्षर होना अनिवार्य था। लेकिन उपलब्ध दस्तावेजों में न तो उनकी फोटो है और न ही उनके हस्ताक्षर। इससे पूरे लेनदेन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।मदननगर क्षेत्र में प्रस्तावित कोयला खदान परियोजना के तहत प्रभावित भूमि मालिकों को मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की चर्चा है। ग्रामीणों के अनुसार एक एकड़ जमीन का लगभग आठ लाख रुपये तक मुआवजा मिल सकता है। ऐसे में यदि जमीन किसी अन्य के नाम दर्ज रहती है तो समयलाल का परिवार न केवल आर्थिक लाभ से वंचित होगा बल्कि रोजगार के अवसर भी खो देगा। समयलाल ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, कथित फर्जी रजिस्ट्री की सत्यता जांचने तथा उनकी जमीन वापस दिलाने की मांग की है।



### नाम परिवर्तन सूचना

मैं राकेश कुमार वर्मा पिता स्व. काशी राम वर्मा आयु 43 वर्ष, निवासी ग्राम-राजपुर थाना व तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर छ.ग. मैंने थल सेना में सिपाही के पद पर कार्यरत था, मेरा सर्विस बुक एवं मेरे समस्त रिकार्ड में मेरी पत्नि का नाम त्रुटिवश रिंकी वर्मा RINKY VERMA अंकित हो गया है। जबकि मेरी पत्नि की आधार कार्ड एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में वास्तविक नाम रिंकी वर्मा RINKI VERMA है। जो सत्य व सही है। मेरा त्रुटिनाम रिंकी वर्मा RINKY VERMA कि स्थान पर मेरा वास्तविक नाम रिंकी वर्मा RINKI VERMA अंकित किये जाने के सबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
राकेश कुमार वर्मा
पिता स्व. काशी राम वर्मा
निवासी- ग्राम राजपुर थाना व तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर छ.ग.

### संकल्प हॉस्पिटल ने मनाया 18 वां स्थापना दिवस, नई उपलब्धियों एवं सामाजिक पहल की हुई घोषणा

**अम्बिकापुर।** संकल्प हॉस्पिटल ने अपना 18वाँ स्थापना दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। स्थापना दिवस समारोह में संकल्प हॉस्पिटल के सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. अंकिता गोयल एवं डॉ. तनय गोयल ने पिछले 18 वर्षों की उपलब्धियों एवं संस्थान की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों के निरंतर विकास, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में किए गए प्रयासों की जानकारी दी।



कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के नए फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन विभाग का शुभारंभ किया गया। साथ ही संकल्प हॉस्पिटल की प्रस्तावित नई भवन परियोजना के मॉडल फ्लोर का भी प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं कर्मचारियों ने सराहा।डॉ. अंकिता गोयल ने संकल्प फाउंडेशन के अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु जापा साथी पहल की शुरुआत की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद महिलाओं को प्रशिक्षण एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को एक माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे कौशल विकसित कर अपने पैरों पर खड़े हो सकें तथा समाज में सम्मानजनक आजीविका प्राप्त कर सकें। यह पहल महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान की दिशा में संकल्प हॉस्पिटल का एक महत्वपूर्ण कदम है।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र.- /अ-27/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय साहू आ. लक्ष्मण साहू निवासी मणीपुर, बिलासपुर चौक, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम माझापारा स्थित खसरा नंबर 192/1 रकबा 0.124 हे. भूमि को उभयपक्ष के मध्य में ½ अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति होते हो सुनवाई दिनांक 06/07/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक -11/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध
छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY) LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 06 जून 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 14 जून 2026, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेंटर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द; नसों का रोग; त्वचा एवं बालों का रोग; स्त्री रोग; मानसिक रोग; मूत्र संबंधी रोग; मधुमेह (डायबिटीज़); नेत्र रोग; किडनी संबंधी रोग; पेट संबंधी विकार; थायराइड; अस्थमा; मोटापा; मांसपेशी का रोग; मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### सरगुजा में एम्स अस्पताल और अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन की फिर उठी मांग

**बिश्रामपुर।** सरगुजा संभाग में स्वास्थ्य और रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम भेजे गए एक ज्ञापन में सरगुजा में एम्स अस्पताल की स्थापना तथा अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन परियोजना को शीघ्र शुरू कराने की मांग की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता अभय प्रकाश सिन्हा द्वारा ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सरगुजा संभाग उत्तर छत्तीसगढ़ का एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जो लंबे समय से विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह नहीं जुड़ पाया है। क्षेत्र के लोगों को गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए रायपुर, बिलासपुर, रांची और अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। ऐसे में सरगुजा में एम्स की स्थापना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में अंबिकापुर के लिए एम्स की स्वीकृति की चर्चा हुई थी, लेकिन यह परियोजना अब तक मूर्त रूप नहीं ले सकी। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि सरगुजा संभाग के लाखों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एम्स की स्थापना आवश्यक है। इसके साथ ही अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन परियोजना को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए जल्द शुरू कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस रेल लाइन के निर्माण से सरगुजा का झारखंड सहित देश के अन्य हिस्सों से सीधा संपर्क मजबूत होगा, जिससे व्यापार, रोजगार और आवागमन की सुविधाओं में वृद्धि होगी। ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री से दोनों मांगों पर विशेष रुचि लेते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया गया है। मांगकर्ताओं का कहना है कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से सरगुजा संभाग के विकास को नई गति मिलेगी और क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से प्रतीक्षित सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।पीएम को भेजे ज्ञापन में व्यापार संघ सूरजपुर, नगर पंचायत अध्यक्ष बिश्रामपुर, सरपंच केशवनगर सरपंच सतपता ने हस्ताक्षर कर मांगो का समर्थन किया है।

### मार्कण्डेय तिवारी एसजीजीयू के सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



**अम्बिकापुर।** सांसद एवं संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के सदस्य चिंतामणि महाराज ने विवि के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मार्कण्डेय तिवारी एवं भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। आदेश के अनुसार मार्कण्डेय तिवारी विश्वविद्यालय से संबंधित गतिविधियों एवं जनहित के विषयों में सांसद प्रतिनिधि की जिम्मेदारियों का निर्वहन करें

### अवैध खनिज परिवहन पर सख्त कार्रवाई बिना अभिवहन पास चूना पत्थर गिट्टी से भरे 3 ट्रेलर जब्त



**सूरजपुर।** जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशानुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज अमला द्वारा थाना प्रेमनगर क्षेत्र में खनिज वाहनों की जांच के दौरान बड़ी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान तारा मुख्य मार्ग पर खनिज गिट्टी (चूना पत्थर) से भरे 3 ट्रेलर वाहन पाए गए, जो जिला जांजगीर-चांपा स्थित क्रशर से लोड होकर बिना अभिवहन पास के परिवहन करते पाए गए। नियमानुसार वाहन मालिकों के विरुद्ध अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज करते हुए तीनों वाहनों को पुलिस थाना प्रेमनगर के सुरक्षार्थ में रखा गया है। खनिज अमला एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा खनिजों के खनन, परिवहन एवं भण्डारण से प्रभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाया पंडित विद्याचरण शुक्ल का शहादत दिवस



**लखनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लखनपुर द्वारा झीरम घाटी नक्सली हमले में घायल होकर 11 जून को शहीद हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विद्याचरण शुक्ल का शहादत दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने पंडित विद्याचरण शुक्ल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि पंडित विद्याचरण शुक्ल ने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित किया। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह देव, अमित सिंह देव, वीरेन्द्र सिंह देव, रणविजय सिंह, सुजीत गुप्ता, रमेश जायसवाल, इरशाद खान, जगरोपण यादव, भूपेंद्र जायसवाल, रामसुजन द्विवेदी, मकसूद खान, इम्रान खान, दिलसाय, जिया उल खान सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरगुजा संभाग की आधिकारिक वेबसाइट

# छत्तीसगढ़ का प्रथम संभागीय पोर्टल लॉन्च, संभागायुक्त ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- एनआईसी ने किया है डिजाइन

छत्तीसगढ़ में डिजिटल प्रशासन और नागरिक सेवाओं के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। सरगुजा सम्भागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने शुक्रवार को सरगुजा संभाग की आधिकारिक वेबसाइट division-surguja.cg.gov.in का विधिवत शुभारंभ किया। यह छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी संभाग की पहली आधिकारिक संभागीय वेबसाइट है। जो नागरिकों, पर्यटकों तथा विभिन्न हितधारकों को एकीकृत डिजिटल मंच उपलब्ध कराएगी। वेबसाइट का डिजाइन, डेवलपमेंट एवं तकनीकी सहयोग राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एनआईसी) सरगुजा द्वारा प्रदान किया गया है। यह पोर्टल सिक्योर बाई डिजाइन फ्रेमवर्क पर आधारित है तथा इसकी होस्टिंग एनआईसी के नेशनल डाटा सेंटर्स में की गई है। इससे वेबसाइट को ऑटोमेटेड पैच, आसान साइबर सुरक्षा, सुरक्षा ऑडिट जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी। वेबसाइट को पूरी तरह रिस्पॉन्सिव बनाया गया है, जिससे यह मोबाइल, टैबलेट और कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के उपकरणों पर सहजता से संचालित होगी। वर्तमान में यह हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। इस दौरान उपायुक्त आरके खुंटे तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्भाग के समस्त जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



शुभारंभ करते संभागायुक्त।

### नागरिकों और पर्यटकों को मिलेंगे अनेक लाभ

इस पोर्टल के माध्यम से सरगुजा संभाग की प्रशासनिक संरचना, इतिहास, प्रोफाइल, अधिकारियों की संपर्क सूची तथा सभी जिलों की महत्वपूर्ण जानकारियां एक ही मंच पर उपलब्ध होंगी। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों के प्रमुख पर्यटन स्थलों, सांस्कृतिक धरोहरों और क्षेत्रीय महोत्सवों की विस्तृत जानकारी भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा नागरिक अब पोर्टल के माध्यम से सीधे बी1/पी11, नामांतरण, राजस्व न्यायालय आवेदन तथा डायवर्जन जैसी महत्वपूर्ण ऑनलाइन राजस्व सेवाओं तक पहुंच सकेंगे। पोर्टल पर कार्यालय के नोटिस, निविदाएं, अधिसूचनाएं, परिपत्र और अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं समय-समय पर प्रकाशित की जाएंगी। नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए वेबसाइट में फीडबैक फॉर्म, मीडिया कॉर्नर, फोटो गैलरी और वीडियो गैलरी जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं।

### साबित होगी मील का पत्थर: दुग्गा

शुभारंभ अवसर पर संभागीय आयुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने सरगुजा संभाग के सभी जिला कलेक्टरों तथा एनआईसी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी जिलों द्वारा सक्रिय डाटा साझाकरण तथा एनआईसी की टीम की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य का पहला संभागीय पोर्टल साकार हो सका है। उन्होंने कहा कि यह वेबसाइट प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद को और अधिक प्रभावी बनाएगी तथा डिजिटल सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

# केतकी भूमिगत खदान की क्षमता विस्तार को लेकर हुई जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मानीचौक

- ग्रामीणों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल सुविधाओं के विस्तार की उठाई मांग

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की केतकी भूमिगत खदान की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर शुक्रवार को ग्राम केतका स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में पर्यावरण स्वीकृति के तहत जनसुनवाई आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस जनसुनवाई में खदान प्रभावित क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों के ग्रामीणों ने भाग लेकर अपने सुझाव, अभिमत एवं मांगें रखीं।

जानकारी के अनुसार केतकी भूमिगत खदान वर्तमान में प्रतिवर्ष 0.42 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर रही है। खदान की उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 0.87 मिलियन टन प्रतिवर्ष किए जाने का प्रस्ताव है। जनसुनवाई के दौरान दर्जन भर गांव के लोगों को जनसुनवाई के लिए आमंत्रित किया गया था जिसमें खदान प्रभावित गांव गेतरा, लाछा, मानी, पोड़ी, जो, केतका, सलका, सपकरा, डेडरी, कुरवां, सालही, ग्रामों में जनसुनवाई की सूचना हेतु मुनादी कराई गई थी जिसमें ग्रामीण, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उपस्थित लोगों ने शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार, बेहतर सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग रखी। ग्रामीणों ने खदान विस्तार से प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों ने जनसुनवाई की प्रक्रिया पूरी कर लोगों के सुझाव एवं आपत्तियां दर्ज कीं। अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त सुझावों और अभिमतों को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल, जीएम ऑपरेशन जीके रॉय, उपक्षेत्रीय प्रबंधक (सब एरिया मैनेजर) आरजीके प्रशांत शर्मा, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के रीजनल अधिकारी तथा सीएमपीडीआईएल की टीम उपस्थित रही। पूरी जनसुनवाई शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। अधिकारियों ने बताया कि क्षमता विस्तार से संबंधित आगे की प्रक्रिया पर्यावरणीय नियमों एवं निर्धारित मानकों के अनुसार पूरी की जाएगी।

### तेज आंधी बारिश से उड़ी घरों में लगी सीट, बाल-बाल बचे ग्रामीण

**सेदम।** बतौली क्षेत्र में गुरुवार देर शाम हुई तेज बारिश और आंधी तूफान के कहर से वीरिमकेला में 3 घरों के छज्जे सहित एस्बेस्टस शीट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए जबकि घर के अंदर रहे परिवार बाल बाल बचे।



फिलहाल अब क्षतिग्रस्त मकान की स्थिति देख किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की चिंता सता रही है।बतौली में देर शाम हुए अंधड़ तूफान से वीरिमकेला में ग्रामीणों को ज्यादा नुकसान हुआ जहां बारिश व तेज हवा से अनूकसाय आ. जगत साय, अनुराग तिग्गा आ. स्व. जयललकार तिग्गा, कपिला कुजूर पति स्व. राधेश्वर कुजूर के मकान बुरी तरह क्षतिग्रस हो गए है। जबकि आंधी बारिस के दौरान घर के अंदर रहे परिवार बड़ी दुर्घटना होने से बाल बाल बच गए। अचानक हुई बारिश व तेज हवा से ग्रामीणों को क्षतिग्रस्त घर की मरम्मत की चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों को हजारों रुपए के एस्बेस्टस शीट के टूट जाने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। एक तरफ बिना मानसून पहुंचे हुई नुकसान से घरों के छत उड़ गए जबकि अभी पूरी बरसात बाकी है जिससे गुजर बसर करने फिर से घर को संवारने कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। ग्रामीणों की आर्थिक नुकसान से चिंतित घर के मरम्मत करने व धान की फसल लगाने को लेकर दोहरी मार झेलने को मजबूर है। अचानक हुए नुकसान से ग्रामीणों पर अतिरिक्त बोझ से निकलने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### 4.94 करोड़ से होगा नवीनीकरण, 500 किसानों में खुशी

# 56 साल पुराने कुरीडीह जलाशय को मिलेगी नई जिंदगी, होगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के सतत प्रयासों से विकासखंड भैयाथान के कुरीडीह जलाशय योजना के नवीनीकरण कार्य के लिए 4 करोड़ 94 लाख 13 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लंबे समय से मरम्मत और सुधार की बाट जोह रहे इस जलाशय के नवीनीकरण से क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी और सैकड़ों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।



जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूर्ण होने पर 464 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे किसानों को समय पर पर्याप्त पानी मिलेगा, फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सिंचाई संसाधनों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि कुरीडीह जलाशय का नवीनीकरण भैयाथान क्षेत्र के किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा तथा इससे कृषि विकास को नई दिशा मिलेगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार, अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। यह परियोजना न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा देगी बल्कि क्षेत्र के लगभग 500 किसानों की आजीविका को भी मजबूती प्रदान करेगी। ग्रामीण ने कहा कि कुरीडीह जलाशय का निर्माण वर्ष लगभग 1970 में किया गया था। बीते वर्षों में बांध की मेड़ की दो बार मरम्मत की गई, लेकिन जलाशय से पानी छोड़ने के लिए लगा फ्लड गेट लगभग 20 वर्षों से खराब पड़ा था। इसके कारण रवि फसल हेतु जल भराव नहीं हो पाता था जिससे किसानों और ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण लगातार जलाशय के नवीनीकरण और फ्लड गेट की मरम्मत की मांग कर रहे थे।

# आश्रय स्थल के संचालन में की जा रही वित्तीय अनियमितता

- आरटीआई से जानकारी आई सामने, कलेक्टर से शिकायत

**अंबिकापुर।** ननि द्वारा संचालित आश्रय स्थल में बड़े पैमाने पर वित्तीय प्रबन्धन में गड़बड़ी की शिकायत की गई है। कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के साथ ही जांच व कार्रवाई की मांग की है।



उन्होंने बताया कि आश्रय स्थल के संचालन एवं वित्तीय प्रबंधन से संबंधित गंभीर अनियमितताओं की जानकारी सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजों एवं सूचनाओं से प्राप्त हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आश्रय स्थल की प्रभारी सिटी मिशन मैनेजर एनयूएलएम श्रीमती निशा सिंह तथा संचालिका श्रीमती ललिता पांडे द्वारा आश्रय स्थल के संचालन में गंभीर अनियमितताएं एवं मनमानी बरती जा रही हैं। आश्रय स्थल के संचालन की मॉनिटरिंग माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की जाती है इसके बाद भी इनके द्वारा मनमानी की जा रही है। विगत कई वर्षों से आश्रय स्थल से प्राप्त होने वाली आय को शासन द्वारा निर्धारित खाते में नियमित रूप से जमा नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त आश्रय स्थल के संचालन हेतु निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात भी बिना विधिवत निविदा (टेंडर) आमंत्रित किए एक ही महिला स्व-सहायता समूह को संचालन का कार्य निरंतर सौंपा गया है। यदि बिना सक्षम स्वीकृति एवं वैधानिक प्रक्रिया के संचालन अवधि बढ़ाई गई है, तो यह गंभीर प्रशासनिक अनियमितता का विषय है। साथ ही, आश्रय स्थल में कार्यरत कर्मचारियों के मासिक मानदेय/वेतन भुगतान संबंधी बैंक विवरण, भुगतान रजिस्टर एवं अन्य वित्तीय अभिलेखों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। आश्रय स्थल प्रबंधन समिति की विधिवत बैठक, प्रस्ताव अथवा स्वीकृति के बिना ही संचालन अवधि को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कलेक्टर से इस मामले की निष्पक्ष व बिंदु वार जांच कराने की मांग की है। इसके साथ ही जांच में वित्तीय गड़बड़ी व नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर आर्थिक क्षति की वसूली और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# पण्डो समाज की विशाल रैली, भूमि अधिकार वन अधिकार पत्र की मांग लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



छत्तीसगढ़ पण्डो विशेष पिछड़ी जनजाति समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को रामानुजगंज में विशाल आमसभा एवं रैली का आयोजन किया गया। प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एवं विशेष पिछड़ी जनजाति समाज के प्रदेश अध्यक्ष उदय कुमार पण्डो के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं ग्रामीण शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत समाज के आराध्य देवों के जयघोष के साथ हुई। आमसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने पण्डो जनजाति की भूमि एवं वन अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि पण्डो जनजाति की पुश्तैनी काबिज काश्त भूमि, सिंहदेव प्रकरण व्यवस्थापन भूमि तथा सेटलमेंट भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा एवं फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अशिक्षा और आर्थिक कमजोरी का लाभ उठाकर कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से कई जमीनों का पट्टा अन्य लोगों के नाम करा लिया गया है, जिससे अनेक आदिवासी परिवार अपनी पैतृक भूमि से वंचित हो गए हैं। वक्ताओं ने यह भी कहा कि अनेक पात्र परिवारों को आज तक वन अधिकार पत्र प्राप्त नहीं हो सका है, जबकि वे वर्षों से वनभूमि पर काबिज होकर खेती-किसानी कर रहे हैं। समाजजनों ने आरोप लगाया कि भूमाफियाओं की गतिविधियों के कारण गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों को लगातार शोषण, प्रताड़ना और अन्याय का सामना करना पड़ रहा है। आमसभा के उपरांत समाज के लोगों ने शांतिपूर्ण रैली निकाली। परंपरागत वाद्य यंत्रों, तीर-धनुष एवं सामाजिक प्रतीकों के साथ निकली यह रैली नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। रैली के समापन पर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए पण्डो जनजाति की भूमि की निष्पक्ष जांच कर मूल हितग्राहियों को वापस दिलाने, फर्जी पट्टों को निरस्त करने, पात्र परिवारों को वन अधिकार पत्र प्रदान करने तथा भूमाफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।


### शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सोनगरा।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सूरजपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश के लिए प्रथम चरण की काउंसलिंग 11 से 15 जून तक आयोजित की जा रही है। महाविद्यालय में 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए सिविल, इलेक्ट्रिकल और माइनिंग इंजीनियरिंग शाखाओं में प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक शाखा में 60-60 सीटें उपलब्ध हैं। इस प्रकार कुल 180 सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा। 12वीं फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं मैथ्स उत्तीर्ण तथा दो वर्षीय आईटीआई पास विद्यार्थी लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया के तहत प्रथम चरण की काउंसलिंग 11 से 15 जून, द्वितीय चरण की काउंसलिंग 26 से 30 जून तक होगी। इसके बाद यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो 11 से 16 जुलाई तक संस्था स्तर पर काउंसलिंग आयोजित की जाएगी।

# शिक्षा विभाग का जनसमस्या निवारण शिविर 15 को

**राजपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विकासखण्ड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 15 जून को किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार शिविर में शिक्षकों, कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, पालकों, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों से स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे और उनका नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। शिविर में विशेष रूप से पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण, जीपीएफ, वेतन निर्धारण, वेतन विसंगति, एरियर भुगतान, सेवा पुस्तिका संधारण, सेवा अभिलेखों में त्रुटि सुधार, अनुकम्पा नियुक्ति, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, छात्रवृत्ति, पाठ्यपुस्तकों, गणवेश तथा विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों पर आवेदन लिए जाएंगे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल, माध्यमिक एवं प्राथमिक शालाओं के प्रमुखों, संकुल समन्वयकों तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों को शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। विद्यालयों के सूचना पटल पर सूचना चस्पा करने, हितग्राहियों तक जानकारी पहुंचाने तथा अधिक से अधिक पात्र आवेदकों को शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है, ताकि शासन की मंशानुरूप लंबित प्रकरणों का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

## हेल्थ/बिजनेस प्लस



### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 14 जून 2026 को छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा, सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल, पेन फिजीशियन डॉ.बी मिंज, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिषेक कौशले, ब्रेन, स्पाईन एवं एंडोस्कोपिक न्यूरो सर्जन डॉ.महावीर सिंह जौहरी संबंधित रोगो से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेगें।

### रॉयल एनफील्ड के नए शोरूम में उमड़ी ग्राहकों की भीड़

**अम्बिकापुर।** मनेंद्रगढ़ रोड स्थित स्टेलर्स मोटोराइडर्स रॉयल एनफील्ड शोरूम का भव्य उद्घाटन 12 जून को संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में शहर के नागरिक, व्यापारियों, युवाओं की उपस्थिति रही। पूरे दिन शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही बनी रही और रॉयल एनफील्ड के नवीनतम मॉडलों को देखने एवं उनकी जानकारी लेने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा गया। शोरूम का उद्घाटन रॉयल एनफील्ड के रीजनल बिजनेस मैनेजर शुभजीत कुमार एवं रीजनल सर्विस मैनेजर चंद्रशेखर आचार्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों ने बुलेट 350, क्लासिक 350, मेटियोर 350, सुपर मेटियोर 650, कॉन्टिनेंटल जीटी 650, इंटरसेप्टर 650, शॉटगन 650, हिमालयन 450 एवं गुरिल्ला 450 सहित रॉयल एनफील्ड के विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया। विशेष रूप से 650 सीसी सेगमेंट की मोटरसाइकिलों एवं नई लॉन्च हुई बाइक्स को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। उद्घाटन के अवसर पर बाइक की प्री-बुकिंग्स की 16 डिलीवरी भी ग्राहकों को सौंपी गई, वहीं अनेक ग्राहकों ने 32 नई बुकिंग कराकर रॉयल एनफील्ड परिवार का हिस्सा बने। स्टेलर्स मोटोराइडर्स के शुभारंभ से अंबिकापुर एवं सरगुजा संभाग के ग्राहकों को अब बिक्री, सर्विस एवं स्पेयर पार्ट्स की अत्याधुनिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर तुषार रॉय, एरिया सर्विस मैनेजर राहुल सरकार, राजेश सिंह, आयुष गर्ग, राहुल गर्ग सहित अन्य उपस्थित रहे।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ — डॉ.भुवन शर्मा, M.D., DM (Neurology)
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ — डॉ.संजय कुमार अग्रवाल
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ — डॉ.अभिषेक कौशले
सुप्रसिद्ध पेन फिजीशियन — डॉ.बी.मिंज, MBBS,MD,FIPM Interventional Pain Physician
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड, प्रकाश हॉस्पिटल के बगल में अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर — 1.5 TESLA MRI
सुप्रसिद्ध ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन,एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन — डॉ.महावीर सिंह जौहरी
14 जून 2026, माह के दूसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध